

## एक नजर में

### सट्टे का खेल, दो जगह से तीन आरोपी पकड़े

**नामली।** थाना क्षेत्र के बांगरोद में पुलिस ने सट्टे के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। दोनों कार्रवाई 27 अगस्त दोपहर 2.45 बजे की बताई गई हैं। पुलिस ने मौके से 3,290 रुपए नकद, दो सट्टा पर्चियां और दो लीड जब्त की हैं। पहली कार्रवाई टंकी चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने की गई। यहां पुलिस ने देवेन्द्र पिता ओमप्रकाश परमार, उम्र 45 वर्ष, निवासी दीनदयाल नगर और दीपक पिता कैलाश पांचाल, उम्र 30 वर्ष, निवासी सेजावता रोड बांगरोद को अवैध सट्टा करते पकड़ा। इनके कब्जे से सट्टा अंक लिखी पर्ची, एक लीड और 2,330 रुपए नकद जब्त किए गए। मामले में एक आरोपी विजय झन्नाट निवासी बांगरोद फरार बताया गया है। दूसरी कार्रवाई खाटू श्याम मंदिर के पास की गई। यहां पुलिस ने ओमप्रकाश पिता ईश्वरलाल सरगरा, उम्र 36 वर्ष, निवासी पाटीदार मोहल्ला बांगरोद को सट्टा करते पकड़ा। उसके कब्जे से सट्टा अंक लिखी पर्ची, एक लीड और 960 रुपए नकद बरामद किए गए। दोनों मामलों में नामली पुलिस ने धारा 4-क सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई उनि. वी.डी. जोशी के नेतृत्व में की गई। दूसरे मामले में प्रधान आरक्षक मुकेश गनावा की भूमिका रही।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**रतलाम।** जिले में गुरुवार शाम अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा शहर के लक्ष्मणपुरा चौराहे पर शाम 7.30 से 8 बजे के बीच हुआ, जबकि दूसरा हादसा केशरपुरा-सुखेड़ा मंडी के पास शाम 5.02 बजे हुआ। दोनों मामलों में हादसे में आई चोटों के कारण मौत होना बताया गया है। लक्ष्मणपुरा चौराहा : यहां हादसे में अरविंद उर्फ गोलू पिता मोतीलाल कोली (महावर), उम्र 30 वर्ष, निवासी गली नंबर 3 लक्ष्मणपुरा की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना के बाद हादसे में आई चोटों के कारण उसकी मौत हुई। सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने रात 11.15 बजे मर्ग कायम किया। मामले की जांच उनि. सरदारसिंह परमार कर रहे हैं। पिपलोदा थाना क्षेत्र में मंडी के पास केशरपुरा सुखेड़ा में शाम 5.02 बजे हादसा हुआ। इसमें मांगीलाल भाटिया पिता नारायण भाटिया, उम्र 45 वर्ष, निवासी बाराखेड़ा की मौत हो गई। हादसे के बाद उसे जीएमसी रतलाम लाया गया, जहां चोटों के कारण उसकी मौत हुई। पिपलोदा पुलिस ने शाम 7.15 बजे मर्ग कायम किया। मामले की जांच उनि. राजू मखोड़ कर रहे हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### रोड पर पतंग का धागा बना आफत, बाइक सवार के गले में उलझा मांझा, दो पर केस

**रतलाम।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के सनावदा मेन रोड पर मस्जिद के पास पतंग का धागा एक व्यक्ति के लिए मुसीबत बन गया। 27 अगस्त शाम 7.10 से 7.30 बजे के बीच आम रास्ते से गुजर रहे दीपक शर्मा पिता नंदकिशोर शर्मा, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम मडावदा, तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन के गले में पतंग का धागा उलझ गया। दीपक शर्मा की शिकायत पर स्टेशन रोड पुलिस ने सनावदा निवासी सद्दाम पिता इम्तियाज और आरीश पिता शर्फराज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में आरोप है कि दोनों आम रास्ते पर लापरवाही और उतावलेपन से पतंग उड़ा रहे थे, जिसके कारण पतंग का धागा उसके गले में उलझ गया। पुलिस ने मामले में धारा 125 ए, 3(5) बीएनएस के तहत 27 अगस्त रात 9.33 बजे प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई प्रधान आरक्षक विजय मीणा ने की।

### दुकान पर हुआ विवाद, दो पर केस

**रतलाम/ शिवगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खाखराकुड़ी में पवन भाभर की दुकान पर हुए विवाद में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। घटना 27 अगस्त रात करीब 8 बजे की बताई गई है। पुलिस के अनुसार पवन पिता रतन भाभर और मुन्नालाल पिता धनजी भाभर, दोनों निवासी ग्राम खाखराकुड़ी, ने फरियादी और पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धौंस दी। घटना के संबंध में शिवगढ़ थाने में 27 अगस्त रात 10.53 बजे प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकरण की कार्रवाई प्रधान आरक्षक अमित त्यागी द्वारा की गई है।

### घर के सामने विवाद, मारपीट और जान की धमकी

**रतलाम।** सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम पाटड़ा में लच्छु के घर के सामने हुए विवाद में एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 27 अगस्त दोपहर करीब 3.30 बजे की है। पुलिस के अनुसार दिलीप पिता खिमा चारेल, उम्र 25 वर्ष, निवासी गंगापुर थाना शिवगढ़ के साथ पप्पु पिता सपुड़ा भगोरा और लच्छु पिता होकमा खराड़ी, दोनों निवासी पाटड़ा, ने गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। दिलीप की शिकायत पर सरवन पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296-बी, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई प्रधान आरक्षक गजेन्द्रसिंह झाला ने की।

# घरों में खुशियां, सलाखों के पीछे छलके आंसू...

- शुभ मुहूर्त में बहनों ने तिलक कर बांधा रक्षा सूत्र
- भाइयों ने दिया रक्षा का वचन
- बाजारों में रही चहल-पहल, जेल में करीब 500 बहनों ने बांधी राखी





नव भारत न्यूज

**रतलाम।** भाई की कलाई पर बहन ने रक्षा सूत्र बांधा और उसकी लंबी उम्र की कामना की। भाई ने भी बहन की रक्षा का वचन दिया। प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को शहर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से घरों में शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों का तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर स्नेह जताया।

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी भीड़ रही। राखी, मिठाई और उपहारों की दुकानों पर खरीदार नजर आए। परिवारों में एक साथ मिलकर पर्व मनाने का सिलसिला चला। बच्चों और युवाओं ने पतंगबाजी का भी आनंद लिया। रक्षाबंधन का एक भावुक दृश्य सर्किल जेल में देखने को मिला। यहां घर से दूर बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं बहनों ने उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। दोपहर तक करीब 500 बहनें भाइयों को राखी बांध चुकी थीं। वहीं बाजारों में पर्व के चलते रौनक नजर आई। देर शाम तक बाजार गुलजार रहे।

### जेल में कलाई पर सजा रक्षा सूत्र, छलकीं भावनाएं

सर्किल जेल में आसपास के जिलों और शहरों से पहुंचीं बहनों ने बंदी भाइयों का रोली-अक्षत से तिलक किया और लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। राखी बांधते समय कई भाई-बहनों की आंखें नम हो गईं। बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और जल्द रिहाई की कामना की। उप जेल अधीक्षक ब्रजेश मकवाना ने बताया कि सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक मुलाकात की व्यवस्था रही। जेल प्रशासन ने खुली जेल के मैदान में टेंट और बैठने की व्यवस्था की। बहनों को रोली, चावल, राखी और जेल में निर्मित लड्डू की किट दी गई। बाहरी मिठाई, मोबाइल, नशीले पदार्थ और अन्य खान-पान सामग्री ले जाने पर रोक रही। तलाशी दल भी तैनात रहा। जेल अधीक्षक लक्ष्मण सिंह भदौरिया और उप जेल अधीक्षक ब्रजेश मकवाना की देखरेख में सुरक्षा के बीच मुलाकात कराई गई।

## राखी पर सोना 1,800 और चांदी 3,200 सस्ती

**रतलाम।** रक्षाबंधन के दिन सराफा बाजार ने खरीदारों को थोड़ी राहत दी है। त्योहार के मौके पर सोने और चांदी के भाव में नरमी आई है। गुरुवार- शुक्रवार को सोना 1,800 प्रति दस ग्राम और चांदी 3,200 प्रति किलो सस्ती हुई। स्थानीय सराफा बाजार में शुद्ध सोना 1 लाख 56 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम और जेवराती सोना 1 लाख 43 हजार 354 रुपए प्रति दस ग्राम बिका। चांदी का भाव 2 लाख 40 हजार 600 रुपए प्रति किलो रहा। इससे पहले गुरुवार को शुद्ध सोना 1 लाख 58 हजार 300 रुपए और चांदी 2 लाख 43 हजार 800 रुपए प्रति किलो थी।

**अभी राहत, लेकिन पिछले साल से तस्वीर उलट:** रक्षाबंधन पर एक दिन की गिरावट भले ही खरीदारों के लिए राहत लेकर आई हो, लेकिन पिछले साल की राखी से तुलना करें तो सोना-चांदी काफी महंगे हो चुके हैं। पिछले साल 9 अगस्त को रक्षाबंधन था। इसके एक दिन पहले सोना 1 लाख 1 हजार रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 1 लाख 16 हजार 300 रुपए प्रति किलो थी। इस बार सोना 55 हजार 500 रुपए और चांदी 1 लाख 24 हजार 300 रुपए प्रति किलो भाव है।

**महंगे भाव ने बदली खरीदारी की पसंद:** सराफा कारोबारियों के मुताबिक त्योहार पर ग्राहकों का रुझान बना हुआ है, लेकिन ऊंचे भाव के कारण खरीदारी का तरीका बदला है। भारी आभूषणों के बजाय लाइटवेट और फैंसी ज्वैलरी को प्राथमिकता दी जा रही है। कम वजन की राखियों की भी मांग रही। व्यापारियों का कहना है कि सोने-चांदी के भाव में आगे भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। ऐसे में रक्षाबंधन के दिन आई गिरावट ने खरीदारों को थोड़ी राहत जरूर दी है, लेकिन पिछले एक साल में बढ़े दामों का असर बाजार की खरीदारी पर साफ दिखाई दे रहा है।

## अमृत सागर कॉलोनी में बुजुर्ग महिला के घर से लाखों की चोरी

- बाजना में 50 हजार नकद और जेवर चोरी
- पद्मावतीधाम में अस्पतालकर्मी के घर भी वारदात

**रतलाम।** घरों पर ताले लगे थे और लोग अपनी-अपनी वजह से बाहर थे। चोरों के लिए यही मौका काफी था। गुरुवार को जिले में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सूने मकानों में चोरी की वारदात सामने आई। चोर कहीं कई दिनों से बंद मकान में घुसे तो कहीं रात में घर खाली होने का फायदा उठाकर नकदी और जेवर समेट ले गए।

सबसे बड़ी वारदात दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र की अमृत सागर कॉलोनी में हुई, जहां 74 वर्षीय राजाबाई राठी के घर से 6 लाख रुपए से अधिक की नकदी और सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए।

इसके अलावा बाजना के ठिकरिया रोड और शहर के पद्मावतीधाम क्षेत्र में भी चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाया।

**12 दिन से बंद था घर, लौटने से पहले पड़ोसी का फोन:** अमृत सागर कॉलोनी निवासी 74 वर्षीय राजाबाई पति स्वर्गीय बालकृष्ण राठी 16 अगस्त को अपनी बड़ी बहन के यहां इंदौर गई थीं। गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे पड़ोसी भेरूलाल टांक का फोन आया। उन्होंने बताया कि मकान के दरवाजे खुले हुए हैं। सूचना मिलते ही राजाबाई रतलाम पहुंचीं। घर का मेन गेट और बरामदे के गेट का ताला टूटा मिला। नकूचे के आसपास दरवाजे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त था। अंदर अलमारी खंगालने पर अलग-अलग लिफाफों में रखे 1.41 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण गायब मिले। चोरी गए सामान की कुल कीमत 6 लाख रुपए से अधिक बताई गई है। सूचना पर दीनदयाल नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस कॉलोनी के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

**15 दिन बाद लौटीं तो टूटा मिला ताला:** बाजना थाना क्षेत्र के ठिकरिया रोड निवासी शारदा टांक भी करीब 15 दिन पहले अपने भाई श्यामलाल के घर शिवगढ़ गई थीं। वापस लौटने पर मकान के मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर पेटी में रखे बटुए की जांच की तो 50 हजार रुपए नकद और आभूषण गायब थे। शारदा की शिकायत पर बाजना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अस्पताल गए थे, पत्नी मायके... घर से 58 हजार का माल चोरी:** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के पद्मावतीधाम में निजी अस्पताल के एचआर विक्की चौहान के घर भी चोरी हुई। विक्की ने पुलिस को बताया कि बीमारी के चलते रात में अस्पताल गए थे, जबकि उनकी पत्नी रक्षाबंधन के लिए इंदौर मायके गई थीं। इलाज के बाद सुबह घर लौटे तो मेन गेट खुला मिला। बेडरूम की अलमारी टूटी थी। जांच करने पर करीब 11 हजार रुपए कीमत की 50 ग्राम चांदी, करीब 12 हजार रुपए कीमत का सोने का कांटा-नथ और 35 हजार रुपए नकद गायब मिले। कुल चोरी करीब 58 हजार रुपए की बताई गई है। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## राखी पर बाजार गुलजार, बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं

- रक्षाबंधन पर जाने और लौटने की होड़,
- इंदौर-मंदसौर-नीमच सहित रूट की बसों में बढ़ी भीड़



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** रक्षाबंधन पर भाई-बहनों के मिलन के लिए घर लौटने का सिलसिला तेज रहा। पर्व के चलते जहां बाजारों में रौनक रही, वहीं बसों में भी यात्रियों की भीड़ दिखाई दी। सुबह से ही बस स्टैंड और प्रमुख मार्गों पर सामान्य दिनों की तुलना में यातायात दबाव अधिक रहा। रक्षाबंधन पर अपने घर और रिश्तेदारों के यहां जाने वाले यात्रियों के कारण इंदौर, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, धार, कानवन सहित अन्य रूट की बसों में भीड़ रही। कई बसों में यात्रियों की संख्या अधिक होने से सीटें जल्दी भर गईं। बसों के आने-जाने के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर भी आवाजाही बढ़ी रही।

पर्व के कारण सुबह से ही शहर में बाहर से आने और रतलाम से दूसरे शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ी। परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाने के लिए लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना होते नजर आए। बाजारों में खरीदारी और बसों में बढ़ी आवाजाही ने शहर में त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया।

## युवक की अचानक मौत, मौत का कारण अज्ञात

**रतलाम।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मालदाखेड़ी में 22 वर्षीय युवक की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। घटना 27 अगस्त शाम करीब 5 बजे की है। मृतक की पहचान महिपाल पिता कालू देवदा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मालदाखेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार महिपाल की मौत किसी अज्ञात कारण से हुई है। सूचना मिलने पर शिवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में 27 अगस्त रात 8.25 बजे मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच उनि. प्रतापसिंह भदौरिया, पुलिस थाना शिवगढ़ द्वारा की जा रही है। पुलिस के अनुसार फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

## मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में आज आयोजित होगा

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किए जा रहे "मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम" के तहत इस सप्ताह 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के शासकीय अवकाश के कारण शिविर का आयोजन शनिवार, 29 अगस्त 2026 को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में प्रात: 11 बजे किया जाएगा। 29 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बालाघाट जिले में द्वितीय जनविश्वास दौरा प्रस्तावित है। इसी के दृष्टिगत रतलाम जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में स्थानीय स्तर पर नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।

**जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहेंगे उपस्थित:** अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में आयोजित शिविर में मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, जिले के विधायकगण, महापौर प्रहलाद पटेल, कलेक्टर, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण सहित नगर पालिक निगम रतलाम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

**तैयारियां पूरी:** आयोजन को लेकर नगर निगम ने विशेष तैयारियां की गई हैं। शिविर में नागरिकों की शिकायत सुनने और समधान को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। साथ ही नागरिकों को परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखा गया हैं।

> **शिकायतों के त्वरित निराकरण पर रहेगा जोर**
>
> शिविर में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं की समीक्षा कर उनके निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों पर शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है।

## खेत में फंदे पर मिला युवक

**रतलाम/रावटी।** ग्राम बजरंगगढ़ में खेत पर फेंदे पर लटका युवक मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बजरंगगढ़ के सितलगड़ी फलिया में 25 वर्षीय युवक की फांसी लगाने से मौत हो गई। घटना 26 अगस्त सुबह करीब 7 बजे मृतक के खेत की है। मृतक की पहचान हीरालाल पिता जालु देवदा, निवासी बजरंगगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हीरालाल ने अपने खेत पर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। 27 अगस्त सुबह 10.48 बजे पुलिस ने मर्ग कायम किया। मामले में नाथु पिता हकरु देवदा, उम्र 29 वर्ष, निवासी बजरंगगढ़ की सूचना के आधार पर रावटी पुलिस ने कार्रवाई की। मामले की जांच उनि गलसिंह भवेल कर रहे हैं।

# कलाई पर सजे विश्वास के धागे, महंगाई के बीच बहनों ने निभाई रस्म






### इधर 35 साल से नूरजहां निभा रही परंपरा

कई हिन्दु-मुस्लिम भाईयों के हाथ पर हिंदु बहनों ने राखी बांधकर धर्म एकता का परिचय दिया। इसी कड़ी में पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कड़पा की पत्नी नूरजहां कड़पा भी पिछले 35 वर्षो से सांप्रदायिकता की राखी बांधती चली आ रही है। नूरजहां ने भी शनिवार को मुंह बोले भाई जितेन्द्र देवड़ा को राखी बांधी। इसी प्रकार मुस्लिम बहनों ने हिन्दु भईयों को तथा हिन्दु बहनों ने मुस्लिम भाईयों को रक्षासूत्र बांधकर त्यौहार मनाया।

- रक्षाबंधन पर दिखी कौमी एकता की मिसाल
- हिंदू-मुस्लिम भाई-बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

नव भारत न्यूज

**जावरा।** भाई बहन का अटुट प्यार का त्यौहार रक्षाबंधन शुक्रवार को मनाया गया। बहनें अपने भाई के लिए ससुराल से निजी वाहनों से दो-तीन दिन पहले ही मायके में आई तथा भाई के लिए बाजार से कलाई पर बांधने के लिए रेशम डोरे के साथ ही आकर्षक राखियाॅ एवं मिठाईयों की खरीददारी की।

शनिवार को रक्षाबंधन के दिन बाजार में अनुमान से अधिक भीड़ देखी गई। शुभ मुहूर्त में राखी बांधने का दौर चला। इसके साथ ही शहर में कई मुस्लिम भाइयों के हाथ पर हिंदु बहनों ने राखी बांधकर धर्म एकता का परिचय दिया। शुक्रवार को सुबह से बाजारों में रौनक छाई रही। राखियों के साथ ही मिठाई, साड़ियों के साथ नारियल, किराना तथा अन्य दुकानों पर जमकर ग्राहकी हुई। दिनभर बाजारों में चहल-पहल चलती रही।

**लगता रहा जाम :** पर्व के दौरान मुख्य बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही नगर के नागरीकों की खासी चहल-पहल नजर आई। राखी तो दुसरी ओर मिठाई विक्रेताओं ने अपनी-अपनी दुकाने पांच-पांच फिट तक आगे लगा ली थी। इसके चलते दिनभर मुख्य मार्गो पर जाम लगता रहा। मुख्य बाजार बजाज खाना, कोठी बाजार, घंटाघर चौराहा, पिपली बाजार में लचर यातायात के चलते दर्जनों बार जाम की स्थिति बनी। जिससे महिलाओं व युवतियों को अधिक परेशान होना पड़ा।

**दिखा महंगाई का तड़का:** त्यौहारों के समय मिठाई में महंगाई का तड़का लगने से आवश्यकतानुसार खरीदी हुई तो दुसरी ओर राखी के भी यही हाल रहे। दस से लेकर एक हजार रूपये तक की राखियाॅ बाजार में उपलब्ध रही, लेकिन आवश्यकतानुसार ही राखी की खरीदी हो पाई। इस बार काफी मात्रा में ऊँची वैरायटी की राखियां दुकान संचालको के पास ही धरी के धरी रह गई। इधर किराना दुकानों पर ग्राहको को नंबर लगाना पड़े तो वही बाजारो में दर्जनों नारियल की ठेलागाड़िया घुम रही थी। जहां देखों वहां भीड़ सी नजर आई।

**रक्षा करने का लिया प्रण:** बहनो ने शुभ मुहुर्त में अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधे तथा उन्हे तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन त्यौहार मनाया। वहीं भाईयों ने अपनी बहन की सदैव रक्षा करने का प्रण लिया। राखी बांधने का सिलसिला प्रात: से प्रारंभ हुआ जो शाम तक चला। रक्षाबंधन के दिन भी आने-जाने वालो की काफी भीड़ देखी गई।

**एक नजर में** आरोपी पुलिस गिरफ्त से दुर, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

## कंजर डेरे की झाड़ियों से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें बरामद



नव भारत न्यूज

**जावरा।** औद्योगिक क्षेत्र थाना जावरा पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए चोरी की गई कुल 4 मोटरसाइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद किए गए वाहनों की कुल कीमत करीब 2 लाख 85 हजार रुपये आंकी गई है।

केरवासा और उपलई से हुई थीं चोरिया प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17-18 अगस्त की मध्य रात्रि को ग्राम केरवासा से 2 मोटरसाइकिलें तथा 23-24 अगस्त की मध्य रात्रि को ग्राम उपलई से अज्ञात बदमाशों द्वारा 2 मोटरसाइकिलें चोरी कर ली गई थीं। जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार व नगर पुलिस अधीक्षक युवराजसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी व मनोनित डीएसबी प्रकाश गडरिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में संदिग्ध हुलिए के आधार पर आरोपी ग्राम टोकड़ा और लाखाखेड़ी कंजर डेरा (राजस्थान सीमा) की ओर जाते दिखाई दिए। मार्ग में लगे अन्य कैमरों की जांच के बाद पुलिस टीम ने 26 और 27 अगस्त को लाखाखेड़ी कंजर डेरे में दबिश दी। सर्चिंग के दौरान कंजर डेरे के पास स्थित एक खाई की झाड़ियों में छिपाकर रखी गई चारों चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गईं। पुलिस अब अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रकाश गडरिया, उनि मोह. अय्यूब खान, उनि रावजी डामोर, प्रधान आरक्षक धीरेंद्र सिंह, प्रआर. शिवपाल सिंह, आरक्षक भूपेंद्र सिंह, आर. कारूलाल, आर. कुलदीप पाटीदार, आर. गोपाल, आर. रविंद्र सिंह व आर. शादाब बेग की विशेष भूमिका रही।